माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पंत्राक : 1086 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांक : 06/01/2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान।

विषय :– विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं अवलोकित कराने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

संज्ञान में आया है कि अधिकांश महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं अवलोकित नहीं कराई जाती है। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के पत्र 905–907 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2023–24 दिनांक : 04.12.2023 द्वारा पूर्व में भी सूचित किया जा चुका है। उसके उपरान्त भी इस तरह की शिकायतें विश्वविद्यालय में प्राप्त होती रहती हैं। यह स्थिति उचित नहीं है। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय / संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक / आन्तरिक उत्तर पुस्तिकाएं महाविद्यालय / संस्थानों में अनुरक्षित होती है विश्वविद्यालय को मात्र ऑनलाइन अंक उपलब्ध कराये जाते हैं। यदि आपके महाविद्यालय / संस्थान का कोई भी विद्यार्थी अपने प्रयोगात्मक / आन्तरिक परीक्षा के प्राप्तांकों से असतुष्ट है तो उसकी उत्तर पुस्तिकाएं अनिवार्यतः सम्बन्धित शिक्षक की उपस्थिति में छात्र को अवलोकित कराई जायें तथा इस सम्बन्ध में एक पंजिका अनुरक्षित की जाय, भविष्य में यदि विश्वविद्यालय द्वारा सूचना मांगी जाती है तो पंजिका महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जा सके।

2. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्यो / निदेशकों से अपेक्षित है कि अपने महाविद्यालयों / संस्थानों में आयोजित की जाने वाली आन्तरिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं को अनिवार्यतः प्रत्येक परीक्षा के उपरान्त अवलोकित कराना सुनिश्चित करें, जिससे विद्यार्थी को अपनी स्थिति को भान हो सके।

भवदीय,
6.1.24
(अरूण कुमार यादव)
परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव।
3. उप कुलसचिव।

परीक्षा नियन्त्रक